नवप्रवेशी छात्राभिनंदन एवं शिक्षकसम्मान

(2025-26)

दिनांक 18.08.25 को संस्कृत विभाग एवं छात्रमंच 'उत्कर्ष' के तत्वावधान में स्नातकोतर प्रथमवर्ष के नवप्रवेशी छात्रों का अभिनन्दन तथा शिक्षकसम्मान का आयोजन गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातवरण में सम्पन्न हुआ, यह आयोजन जहाँ स्नातकोतर उत्तरार्ध के विद्यार्थियों द्वारा अपने अनुजों के प्रति स्नेहभाव प्रदर्शित करनेवाला रहा, वहीं दूसरी ओर शिक्षकों के प्रति सम्मान की भावना का प्रकाशक सिद्ध हुआ , कार्यक्रम में अध्यक्ष के रूप में महाविद्यालय के प्राचार्य एवं संस्कृत विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो0 मिश्री लाल ने कहा कि भारतवर्ष की संस्कृति संस्कृत में ही संरक्षित है, इसके सानिध्य में आने के बाद एक पवित्र चेतना का विकास होता है। विशिष्ट अतिथि के रूप में चीफ प्राक्टर डाक्टर संजय सिंह की गरिमामय उपस्थिति रही, विभागीय प्राध्यापक प्रो0 पूनम सिंह,डा0 दीपक कुमार शर्मा ,डा0 त्रिपुरसुन्दरी,डा0रंगनाथ, डा0अमित कुमार मिश्र, डा0 शिव प्रसाद पाण्डेय का छात्रमंच 'उत्कर्ष' द्वारा विद्यार्थियो द्वारा उत्तरीय, श्रीमद्भगवद्गीता ग्रन्थ एवं पुष्पमाला अर्पित कर अपने गुरुओं को सम्मानित किया,जिससे गुरुशिष्य परम्परा का जीवन्त उदाहरण प्रस्तुत हुआ। कार्यक्रम का संचालन स्नातकोतर उत्तरार्ध के छात्र सत्यांजल त्रिपाठी ,मंगलाचरण ईशांत त्रिपाठी एवं धन्यवाद अंकित पाण्डेय ने किया ।

प्रो0 मिश्री लाल

(विभागाध्यक्ष)